**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. *317**
**17 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## सिल्क समग्र-2 योजना

***317. डॉ. बायरेड्डी शबरी:**
**श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) सिल्क समग्र-2 योजना के लाभार्थी घटक के तहत प्रदान की गई सहायता का मदवार ब्यौरा क्या है;

(ख) आंध्र प्रदेश में सिल्क समग्र-2 के लाभार्थी घटक के तहत अनुमोदित परियोजनाओं तथा प्रत्येक जिले में कार्यान्वित विशिष्ट घटक का जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ग) आंध्र प्रदेश के लिए सिल्क समग्र-2 के लाभार्थी घटक के तहत कुल कितनी धनराशि आवंटित और वितरित की गई है तथा राज्य में हितधारकों की सहायतार्थ इस धनराशि का उपयोग किस प्रकार किया गया है;

(घ) आंध्र प्रदेश में इस योजना के तहत प्रत्येक जिले के लिए निर्धारित लक्ष्यों की तुलना में कितने व्यक्ति कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं और स्थानीय रेशम कीट पालन करने वाले हितधारकों पर ऐसे प्रशिक्षण का क्या प्रभाव पड़ा है; और

(ङ) क्या आंध्र प्रदेश में कोई सामान्य सुविधा केंद्र और उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए गए हैं और इन पहलों से राज्य में रेशम उत्पादन एवं बाजार संपर्क बढ़ाने और रेशम कीट पालन क्षेत्र के विकास में किस प्रकार सहायता मिल रही है?

उत्तर
**वस्त्र मंत्री**
**(श्री गिरिराज सिंह)**

**(क) से (ङ):** एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**<u>"सिल्क समग्र 2 योजना" के संबंध में डॉ. बायरेड्डी शबरी और श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी द्वारा दिनांक 17.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *317 के उत्तर में संदर्भित विवरण</u>**

**(क):** सिल्क समग्र-2 योजना के अंतर्गत राज्यों को कई लाभकारी घटकों हेतु सहायता दी गई। जैसेकि किसान नर्सरियां स्थापित करना, सिल्कवार्म रीयरिंग पैकेज (जिसमें वृक्षारोपण, सिंचाई, रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण और प्रोफाइलैक्टिक उपायों के लिए सहायता शामिल है), प्री-कोकून सेक्टर में चॉकी रीयरिंग केंद्र स्थापित करना, सिल्कवार्म सीड सेक्टर के लिए, सिल्क रीलिंग, कताई, बुनाई, पोस्ट कोकून सेक्टर में प्रोसेसिंग घटकों हेतु सहायता और अवसंरचना स्थापित करने की पहलें शामिल हैं।

**(ख):** आंध्र प्रदेश में प्रत्येक जिले में क्रियान्वित विशिष्ट घटक सहित सिल्क समग्र-2 के लाभार्थी घटक के तहत अनुमोदित परियोजनाओं का जिलावार ब्यौरा, **<u>अनुबंध-I</u>** में दिया गया है।

**(ग):** सिल्क समग्र-2 योजना के तहत वर्ष 2021-22 से नवंबर, 2024 तक, योजना के लाभार्थी घटकों के कार्यान्वयन हेतु आंध्र प्रदेश राज्य को केंद्रीय निधि के रूप में 7184.85 लाख रुपये आवंटित/संवितरित किए गए।

रेशम उत्पादन निदेशालय (डीओएस), आंध्र प्रदेश एक कार्यान्वयन एजेंसी है। यह केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा जारी की गई निधियों के केंद्र वाले हिस्से में राज्य का हिस्सा शामिल करता है तथा लाभार्थी घटकों के क्रियान्वयन हेतु उपयोग करता है। हितधारकों को सभी घटकों हेतु डीबीटी मोड द्वारा नकद में निधि संवितरित करता है।

**(घ):** सिल्क समग्र 2 योजना के तहत कौशल प्रशिक्षण के लिए कोई विशिष्ट लक्ष्य राज्यवार नहीं दिया गया है, राज्य के प्रस्तावों के अनुसार आवश्यकता के अनुसार कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा सिल्क समग्र-2 योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में कोकून-पूर्व गतिविधियों के लिए 858 व्यक्तियों और कोकून-पश्चात गतिविधियों के लिए 160 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया है।

इसके अतिरिक्त, इस योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश सरकार को 2023-24 और 2024-25 के दौरान 1033 लाभार्थियों के क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के लिए 72.31 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई है।

कौशल प्रशिक्षण पहलों से हितधारकों को बेहतर रेशम उत्पादन करने में सहायता मिली जिससे उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि हुई और उनकी आय में बढ़ोतरी हुई।

**(ङ):** आंध्र प्रदेश राज्य से सामान्य सुविधा केन्द्रों और उत्कृष्टता केन्द्रों की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

**अनुबंध-I**

**"सिल्क समग्र-2 योजना" के संबंध में डॉ. बायरेड्डी शबरी और श्री अप्पलानायडू कलिसेट्टी द्वारा दिनांक 17.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *317 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**सिल्क समग्र-2 योजना के अंतर्गत कार्यान्वित जिलावार विशिष्ट घटक**

| क्र.सं. | जिले का नाम | क्रियान्वित घटक |
|---|---|---|
| 1 | श्री सत्य साई | मलबरी किसान नर्सरी, मलबरी प्लांटेशन, सिल्क वार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण, मल्टी-एंड रीलिंग यूनिट्स (10 बेसिन), ट्विस्टिंग यूनिट्स (480 स्पिंडल) |
| 2 | चित्तूर | मलबरी किसान नर्सरी, मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण, मल्टी-एंड रीलिंग यूनिट्स (10 बेसिन), ट्विस्टिंग यूनिट्स (480 स्पिंडल) |
| 3 | अनंथापुरमु | मलबरी किसान नर्सरी, मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण |
| 4 | अन्नमय्या | मलबरी किसान नर्सरी, मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण, मल्टी-एंड रीलिंग यूनिट्स (10 बेसिन), ट्विस्टिंग यूनिट्स (480 स्पिंडल), एआरएम इकाइयां (400 एंड्स), एआरएम इकाइयां (200 एंड्स), एआरएम इकाइयां (120 एंड्स) |
| 5 | वाईएसआर कडप्पा | मलबरी किसान नर्सरी, मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण, ट्विस्टिंग यूनिट्स (480 स्पिंडल) |
| 6 | नांदयाल | मलबरी किसान नर्सरी, मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण |
| 7 | कुरनूल | मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण |
| 8 | तिरुपति | मलबरी किसान नर्सरी, मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण |
| 9 | एसपीएसआर नेल्लोर | मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण |
| 10 | प्रकाशम | मलबरी किसान नर्सरी, मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण |
| 11 | बापतला | मलबरी किसान नर्सरी, मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण |
| 12 | पलनाडू | मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, |

| क्र.सं. | जिले का नाम | क्रियान्वित घटक |
|---|---|---|
| | | प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण |
| 13 | गुंटूर | मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण |
| 14 | एनटीआर | मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण |
| 15 | कृष्णा | मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण |
| 16 | एलुरु | मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण |
| 17 | पश्चिमी गोदावरी | ट्विस्टिंग यूनिट (480 स्पिंडल) |
| 18 | काकीनाडा | मलबरी किसान नर्सरी, मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण, ट्विस्टिंग यूनिट (480 स्पिंडल) |
| 19 | पूर्वी गोदावरी | मलबरी किसान नर्सरी, मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण, मल्टी-एंड रीलिंग यूनिट्स(10 बेसिन), एआरएम इकाइयां (400 एंड्स) |
| 20 | अलुरी सीताराम राजू | मलबरी किसान नर्सरी, मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण |
| 21 | अनकापल्ली | मलबरी किसान नर्सरी, मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण |
| 22 | विशाखापत्तनम | मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण |
| 23 | विजयनगरम | मलबरी किसान नर्सरी, मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण |
| 24 | पार्वतीपुरम मन्याम | मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण |
| 25 | श्रीकाकुलम | मलबरी किसान नर्सरी, मलबरी प्लांटेशन, सिल्कवार्म रीयरिंग हाउस, रीयरिंग उपकरण, प्रोफाइलैक्टिक उपाय, क्षमता निर्माण |

*******